# टीसीएस आईटी विज-2017 इंदौर में 29 को

इंदौर। अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने घोषणा की है कि, स्कूल स्तर पर होने वाले देश के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज-2017 के अहमदाबाद एडिशन को मंगलवार 29 अगस्त को इंदौर में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर के सभागृह में होगी। इस क्विज में कक्षा 8-12 तक में पढ़ने वाले सभी स्कूली छात्रों को भाग लेने की पात्रता होगी। इसके लिए प्रत्येक शिक्षण संस्थान अधिक से अधिक 8 टीमें भेज सकता है। प्रत्येक टीम दो सदस्यों की होगी। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। देशभर में 12 विभिन्न स्थानों पर यह स्पर्धा हो रही है। क्विज का हिस्सा बनने के इच्छुक संस्थानों को अपनी प्रविष्टि 26 अगस्त तक टीसीएस आईटी विज को-ऑर्डिनेटर, मैच बॉक्स, ए-21, वसंत विहार( सत्य साई स्कूल चौराहे के समीप )ए.बी.रोड, इंदौर पर भेजनी है।